तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 तहसील साहू समाज मगरलोड के पदाधिकारियों ने ली शपथ





14 इस साल खूब बजेंगी शहनाइयां, शादी के रिकॉर्ड 68 शुभ मुहूर्त




## खबर संक्षेप

### पीपरछेड़ी में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ जारी

**पुरी।** ग्राम पीपरछेड़ी (कंडेल) में व्यसन मुक्ति तीन दिवसीय 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 10 से 12 फरवरी तक किया गया है। प्रवचनकर्ता एवं यज्ञकर्ता युग पुरोहित शांतिकुंज प्रतिनिधि (हरिद्वार) की मंडली होगी। यह जानकारी रेखलाल साहू ने दी।

### गायत्री परिवार की जिला स्तरीय बैठक 14 को

**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार की बैठक 14 फरवरी शनिवार को 11 बजे से रिसाईपारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में रखी गई है। मार्गदर्शन देने उपजोन समन्वयक रायपुर सीपी साहू एवं संगठन प्रभारी मनहरणलाल साहू का आगमन हो रहा है। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक के परिजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है।

### कमलवंशी कंवर समाज का महाधिवेशन 13 एवं 14 को

**पुरी।** क्षेत्रीय कमलवंशी कंवर (आदिवासी) समाज धमतरी एवं राजिमराज खपरी पाली का महाधिवेशन 13 एवं 14 फरवरी को ग्राम खपरी (सिलीडीह) में रखा गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। विशिष्ट अतिथि जीवनलाल सोनवानी संरक्षक, अध्यक्ष संतोष कुमार कंवर, कोषाध्यक्ष गोविंदराम कंवर, सचिव रामूराम कंवर, रूपेश कुमार कंवर, संचालक जागेश्वर कुमार, परसराम सोनवानी, ऑडिटर चंद्रेश कंवर, शीशराम कंवर, सलाहकार गुलालराम कंवर, रामप्रसाद कंवर, गोमती कंवर, कमला कंवर समेत अन्य होंगे।

### गंधर्व गाड़ा समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**नगरी।** गंधर्व गाड़ा समाज क्षेत्र सिहावा (नगरी) के तत्वावधान में समाज की जयंती एवं सामाजिक वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को कर्णेश्वर धाम (देऊरपारा) में किया जाएगा। इस आयोजन की शुरुआत प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से होगी, जिसमें समाज के महिला, पुरुष एवं युवा, युवतियां बड़ी संख्या में सहभागिता कर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं एवं संगठनात्मक मजबूती का संदेश देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा होंगे। अध्यक्षता गंधर्व समाज क्षेत्र सिहावा (नगरी) के अध्यक्ष गणेश राम टांडेश करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकजुटता, संगठन विस्तार, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा।

### युवाओं को मिलेगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**धमतरी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत सम्मिलित ग्रामों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन राखी मोड़ के पास विभिन्न ट्रेड में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ ही प्रवेश, रहने एवं खाने की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंटीरियर डिजाइन, ड्राईवाल एवं फाल्स सिलिंग, सोलर पीवी इंस्टालर (सूर्य मित्र), टेक्निशियन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, सोलर पंप इलेक्ट्रिकल एवं प्लंबिंग, होटल इंडस्ट्री सर्विस टेक्निशियन तथा कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़े रोजगारोन्मुखी ट्रेड शामिल हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात संबंधित संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्र में प्लेसमेंट जॉब की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अजजा वर्ग के युवाओं को निर्धारित प्रपत्र अनुसार प्रस्ताव एवं आवश्यक दस्तावेज तैयार कर 18 फरवरी तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना

नवीन जिला ग्रंथालय में बैठक क्षमता कम, नालंदा परिसर बनने में अभी समय

# कैसे बनेंगे सरकारी अफसर, जब स्टडी के लिए सुविधाएं ही नहीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को स्टडी के लिए प्लेटफार्म नहीं मिल पा रहा है। नालंदा परिसर की स्वीकृति तो मिल गई है, लेकिन इसे अस्तित्व में आने में काफी समय है। ऐसे में मात्र 150 सीटर नवीन जिला ग्रंथालय से ही काम चलना पड़ रहा है। यहां भी जगह, किताब और सुविधाओं की कमी है।

सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के लिए बम्पर भर्तियां निकली हैं। मंडी उपनिरीक्षक, रेलवे ग्रुप डी, आर्मी अग्निवीर, परिवहन आरक्षक, ग्रामीण डाक सेवक, खनिज साधन विभाग में वाहन चालक, भृत्य, सिपाही, चौकीदार, प्रयोगशाला परिचारक सहित कई पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त पीएससी सहित अन्य कम्पिटिशन परीक्षा की युवा तैयारी कर रहे हैं। इन युवाओं को अभाव के बीच स्टडी करना पड़ रहा है। कम्पिटिशन की तैयारी कर रहे युवा को सुविधा देने के लिए सालभर पहले 500 सीटर नालंदा परिसर की घोषणा की गई थी। आज भी इसके निर्माण की दिखा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विडंबना यह है कि अब तक इसके लिए जगह का चयन नहीं हो पाया है। ऐसे में धमतरी शहर व आसपास के गांव के युवाओं के लिए नवीन जिला ग्रंथालय ही सहारा बना हुआ है, लेकिन यह ग्रंथालय काफी छोटा पड़ने लगा है। यहां की बैठक क्षमता मात्र 150 की है। इससे दोगुना से अधिक युवाओं ने इस माह लाइब्रेरी में पंजीयन कराया है। जानकारी के अनुसार इस माह 320 युवाओं का पंजीयन हुआ है। इसके अतिरिक्त 533 लोग यहां के आजीवन सदस्य हैं। पंजीकृत सदस्य ज्यादा और बैठक क्षमता कम होने के कारण युवाओं को सीट नहीं मिल पाती है और वे लौट जाते हैं। युवाओं की समस्या को देखते हुए ग्रंथालय प्रबंधन ने कुर्सियां बढ़ाकर यहां की बैठक क्षमता 200 तक कर दी है। इससे ज्यादा बैठक क्षमता बढ़ाने की गुंजाइश नहीं है।

### युवाओं की बढ़ी रूचि

लाइब्रेरी में स्टडी कर कई युवा अच्छे पद पर नौकरी कर रहे हैं। पिछले साल यहां स्टडी करने वाले 24 युवाओं की अच्छे पदों पर नौकरी लगी है या कम्पिटिशन परीक्षा में सफलता मिली है। इनके अतिरिक्त कई अन्य युवा भी है, जो यहां से पढ़कर सरकारी नौकरी कर रहे हैं, पर जानकारी नहीं होने के कारण उनका नाम रजिस्टर में दर्ज नहीं हो पाया है। यहां की उपलब्धियों को देखते हुए युवाओं की रूचि यहां पढ़ने में बढ़ी है, लेकिन सुविधाएं कम होने के कारण उन्हें निराश होना पड़ रहा है।

### मिलता है दानदाताओं का सहयोग

यह ग्रंथालय शिक्षा विभाग द्वारा संचालित है, जिसके लिए शासन से बजट भी मिलता है। इसके अतिरिक्त यहां पढ़ने वाले युवाओं ने ग्रुप बना रखा है। हर माह यहां पढ़ने वाला हर युवा 50 रुपए का अंशदान देता है, जिससे यहां का संचालय और बेहतर ढंग से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दानदाताओं का भी सहयोग मिलता है। एक दानदाता ने कम्प्यूटर दिया है, तो दूसरे ने वाटर कूलर। नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने भी यहां 20 कुर्सियां प्रदान की है।

### पुस्तकों की डिमांड

राज्य शासन से ग्रंथालय के लिए साल में एक बार फंड मिलता है। शिक्षा विभाग द्वारा इस फंड को किस्तों में खर्च किया जाता है। युवाओं के लिए स्टडी के लिए समय-समय पर पुस्तकें भी खरीदी जाती है, इसके बाद भी यहां पर पुस्तकों की कमी बनी रहती है। हर बार लेटेस्ट वर्जन की किताबों की डिमांड रहती है। अभी भी 82 किताबों की डिमांड की गई है।

# शिक्षा का मंदिर बना राजनीति का अखाड़ा

- आमदी कॉलेज के स्नेह सम्मेलन में भाजपा-कांग्रेस आमने सामने
- विधायक का नाम कार्ड में नहीं होने पर कांग्रेसियों ने किया विरोध
- महापौर को बेशरम का फूल देने की कोशिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा का मंदिर आमदी महाविद्यालय राजनीति के अखाड़े में उस समय बदल गया , जब स्नेह सम्मेलन में कांग्रेसियों ने मुख्य अतिथि को अंदर जाने से रोकने के लिए कॉलेज के गेट पर ताला जड़ दिया। इतना ही नहीं मुख्य अतिथि के लौटने पर उन्हें बेशरम का फूल देने की कोशिश की गई।

मंगलवार को आमदी के शासकीय नवीन महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसके लिए कार्ड छपवाकर नगर में वितरित किया गया था, लेकिन इस कार्ड में विधायक ओंकार साहू का नाम नहीं था। आमदी ओंकार साहू का गृह ग्राम है, इसके बाद भी विधायक श्री साहू का नाम कार्ड में नहीं छापे जाने से कांग्रेसियों में आक्रोश फैल गया। मंगलवार को कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही विधायक के समर्थक कॉलेज पहुंच गए और जमकर विरोध किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर रामू रोहरा को बनाया गया था। जैसे ही मुख्य अतिथि श्री रोहरा कॉलेज पहुंचे, विरोध कर रहे विधायक समर्थकों ने कॉलेज के गेट पर ताला जड़ दिया। इससे छात्र-छात्राएं अंदर ही बंद हो गए थे। पुलिस के दखल पर करीब 10 मिनट बाद ताला खोला गया। स्नेह सम्मेलन में शामिल होने के बाद महापौर श्री रोहरा कॉलेज से बाहर निकले तो कांग्रेसियों ने बेशरम का फूल भेंट करने की कोशिश की। पहले से अलर्ट पुलिस ने इस घटना को रोक लिया और पुलिस प्रोटेक्शन में महापौर को उनके वाहन तक पहुंचाया गया। इस दौरान पुलिस और विधायक समर्थकों के बीच जमकर धक्का- मुक्की हुई।

### जमकर हुई नारेबाजी

इस घटना की सूचना मिलने के बाद महापौर रामू रोहरा के समर्थन में भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य भी कॉलेज में पहुंच गए। विधायक समर्थकों ने महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तो जवाब में भाजपाइयों ने कांग्रेस विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान शिक्षा का मंदिर कहलाने वाला महाविद्यालय पूरी तरह से राजनीति के अखाड़े में बदला हुआ नजर आया जहां पर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने सामने थे।

### दुर्भावनापूर्वक की गई है चूक : कांग्रेसी

इस प्रकरण में प्राचार्य पर सरकारी शैक्षणिक संस्था का भाजपाईकरण करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह मामला केवल एक तकनीकी भूल नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक सुनियोजित राजनीतिक मानसिकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राचार्य द्वारा बार-बार ऐसे कृत्य किए जा रहे हैं, जिनसे शैक्षणिक संस्था को भाजपा के प्रभाव में लाने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह निंदनीय है। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए शिक्षा संस्थानों को राजनीति से दूर रखने और निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उधर प्रकरण के तूल पकड़ने के बाद महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा अपने लेटर पैड पर खेद व्यक्त करते हुए माफी मांगी गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि केवल माफी पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस मामले में जवाबदेही तय किया जाना आवश्यक है।

### बात रखने के लिए कई प्लेटफार्म है : महापौर

इस संबंध में महापौर रामू रोहरा ने कहा कि विधायक का नाम कार्ड में नहीं है तो इसके लिए कॉलेज में ताला लगाकर छात्रों को बंद करने की क्या आवश्यकता है। कांग्रेसी क्या मैसेज देना चाहते हैं। यदि कांग्रेसियों को बात रखनी है तो कॉलेज प्रबंधन, जनभागीदारी समिति के सामने रखें। विधायक के पास बात रखने के लिए विधानसभा है। कलेक्टर और एसडीएम भी हैं।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के सामने आत्मदाह का प्रयास



- पीपरछेड़ी में प्रशासन ने चलाया बुलडोजर, प्रभावित परिवार ने लगाया भेदभाव का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रभावित परिवार द्वारा आत्मदाह की कोशिश करने से हड़कंप मच गया। स्थिति को देखते हुए कार्रवाई स्थगित कर दी गई है। प्रभावित परिवार ने कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाया है। उधर सरपंच ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

मामला समीपस्थ ग्राम पीपरछेड़ी का है। यहां पर एक व्यक्ति ने अतिक्रमण कर मकान बना लिया है। मंगलवार को प्रशासन, पुलिस सहित पंचायत की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। जैसे ही बुलडोजर मकान के सामने पहुंची, प्रभावित परिवार ने विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद भी प्रशासन की कार्रवाई नहीं रूकी तो प्रभावित परिवार के सदस्यों ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। इससे वहां पर हड़कंप मच गया। प्रभावित परिवार के सदस्यों ने बताया कि तहसीलदार से उसे नोटिस मिली है, लेकिन यह कार्रवाई दुर्भावनापूर्वक की जा रही है। गांव में कई लोगों ने अतिक्रमण कर मकान बनाया है, उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। इस मकान को बनाने में उनका 8-10 लाख रुपए खर्च हुआ है।

# सरकारी खरीदी बंद होते ही मंडी में धान की बंपर आवक



- ऊंचे दाम ने बढ़ाई किसानों की मुस्कान, हमालों को भी मिल रहा भरपूर रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समिति के माध्यम से हो रही सरकारी धान खरीदी के थमते ही कृषि उपज मंडी श्यामतराई में धान की आवक में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अब बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर सीधे मंडी पहुंच रहे हैं। खुले बाजार में धान के बेहतर दाम मिलने से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं।

मंडी सचिव सीएल तांडव से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न किस्म के धान ऊंचे भाव पर बिके। आईआर-64 किस्म का धान 2011 रुपये प्रति क्विंटल, सांभा किस्म 2431 रुपये, गोल्डन सांभा 2330 रुपये और ओम श्री किस्म का धान भी 2330 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिका। बीते दिनों की तुलना में यह दरें किसानों के लिए काफी संतोषजनक मानी जा रही हैं।

किसानों का कहना है कि सरकारी खरीदी के दौरान जहां प्रक्रिया में समय लगता है, वहीं मंडी में तत्काल भुगतान और बेहतर भाव मिलने से उन्हें राहत मिल रही है। कई किसानों ने बताया कि वे अब शेष धान भी मंडी में बेचने का मन बना रहे हैं।

धान की बढ़ी हुई आवक का असर मंडी में कार्यरत हमालों और मजदूरों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। मंडी में काम करने वाले हमाल, रेजा ने बताया कि इन दिनों उन्हें नियमित और पर्याप्त काम मिल रहा है। व्यापारियों के अनुसार आगामी दिनों में यदि आवक इसी तरह बनी रही तो धान के भाव में हल्का उतार-चढ़ाव संभव है, फिलहाल किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है।

# आकाशगंगा कॉलोनी की चोरी में धार गैंग का हाथ होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री रोड स्थित आकाशगंगा कॉलोनी के फेज-2 के साथ फेज-1 में भी नकाबपोश चोरों ने हाथ साफ किया है। इस चोरी की वारदात में धार गैंग का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की तड़के तीन नकाबपोशों ने आकाश गंगा कॉलोनी के फेज-2 के चार घरों का ताला तोड़ एक घर से नगदी व सोने की अंगूठी की चोरी करने की घटना सामने आई थी। घटना के दूसरे दिन सोमवार को आकाश गंगा कॉलोनी के फेज-1 में भी चोरी होने की सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई है। फेज-1 निवासी विकास कटेन्द्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 3 फरवरी को परिवार के साथ खाटू श्याम का दर्शन करने राजस्थान गया था। घर में काम करने वाली सुघन बाई ध्रुव गोकुलपुर निवासी ने रविवार की शाम फोन करके घर का ताला टूटे होने की जानकारी दी। घर पहुंचने पर घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। दरवाजा खुला हुआ था। भीतर रखे चांदी के सिक्के लगभग 1200 रूपये, नगदी 45 हजार रूपये एवं अन्य सामान कुल 48 हजार 200 रूपये की चोरी हो गई थी। इसी तरह आकाशगंगा के फेज-2 निवासी रूपेन्द्र कुमार साहू ने भी शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार की शाम वह फिंगेश्वर व राजिम मेला घूमने गया था। रविवार को पड़ोसी ने घर में चोरी हो जाने की जानकारी दी। शाम को घर पहुंचे तो देखा कि कमरे में रखे सोने के जेवर कीमत 40 हजार रूपये गायब थे। शिकायतों पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305-ए, 331-4 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में जुट गई है। घटनास्थल के निरीक्षण में कुछ सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं। वहीं सीसीटीवी फुटेज में हथियार बंद तीन नकाबपोश कैद हुए हैं। पुलिस इस चोरी में बाहरी गैंग का हाथ होने की आशंका जता रही है।

- फेज-1 में भी हुई है चोरी



### तीन टीम रवाना : सीएसपी

इस संबंध में सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि चोरी की घटना में मध्यप्रदेश के धार जिले के गैंग का हाथ होने की आशंका है। तीन टीम को रवाना किया गया है। कुछ क्लू मिले हैं। आगे की कार्रवाई जारी है।

दर्री खदान के नाम पर जवरगांव की नदी में अवैध खदान संचालन का मामला

# रेत का अवैध उत्खनन करते दो चेन माउंटेन, एक हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में वैध रेत खदानों की आड़ में अवैध खदानों का संचालन हो रहा है। रवि-सोम की रात एक ऐसे ही मामले में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। दर्री खदान के नाम पर जवरगांव में रेत का अवैध उत्खनन कर रहे दो चेन माउंटेन मशीन तथा एक हाइवा को जब्त कर जिला कार्यालय के पास अभिरक्षा में रखा गया है। इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में 13 रेत खदानें वैध हैं। वैध खदानों के नाम पर आसपास के गांव की नदी से रेत का उत्खनन लंबे समय से चल रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीण करते हैं लेकिन कार्रवाई नहीं होती। माह भर पहले दोनर के ग्रामीणों ने शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं होने पर 2 चेन माउंटेन मशीन को रेत खदान से निकालकर गांव में लाकर खड़ा किया था। गांव की बैठक में ठेकेदार तथा ग्रामीणों में सुलह के बाद मामला शांत हुआ। कहा जाता है कि रेत माफियाओं के सिर पर सफेदपोश नेताओं का वरदहस्त है जिसके कारण माइनिंग विभाग भी किसी प्रकार की कार्रवाई से अपना हाथ पीछे खींच लेता है। विरोध ज्यादा होने पर विभाग हाइवा तथा ट्रेक्टरों पर कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लेता है।

जिला माइनिंग अधिकारी हेमंत थेरपा ने बताया कि राज्य उड़नदस्ता तथा धमतरी माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने जवरगांव में अवैध उत्खनन कर रहे दो चेन माउंटेन मशीन तथा अवैध परिवहन में लगे एक हाइवा पर मौके में पहुंचकर कार्रवाई की है। तीनों वाहनों को जिला कार्यालय के पास अभिरक्षा में रखा गया है।

### संयुक्त टीम की कार्रवाई

जिले की सबसे बड़े रेत खदान दर्री में खदान सीमा के बाहर रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत लंबे समय से है। रेत माफियाओं के पहुंच के चलते इस खदान में माइनिंग की टीम भी कार्रवाई से हाथ खींचते रही लेकिन रवि-सोम की रात राज्य उड़नदस्ता तथा धमतरी माइनिंग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीमा से बाहर जवरगांव में अवैध रेत उत्खनन में कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने लाकर खड़ा किया है। इस कार्रवाई से माफियाओं में सनसनी फैला दी है।

# आग में जलने से कमार महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- फुटहामुड़ा की घटना

दीया जलाते समय एक कमार महिला आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। इस घटना में अग्निदग्धा की अस्पताल में मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्रीडीह निवासी बुधियारिन कमार पति शिव कमार उम्र 23 वर्ष की शादी वर्ष 2018 में हुई थी। वह बीते 2 वर्ष से अपने मायके फुटहामुड़ा में पिता के घर के पास रह रही थी। घर में बिजली नहीं होने के कारण रात्रि में मिट्टी के दीये में तेल डालकर जला रही थी। इसी दौरान महिला की साड़ी आग की चपेट में आ गई। साड़ी में आग लग जाने से महिला झुलस गई। घटना की जानकारी होने पर मां सरस्वती व पति शिव कमार किसी तरह आग बुझाकर महिला को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घटना में महिला 60 प्रतिशत झुलस चुकी थी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रायपुर रिफर कर दिया गया। महिला को रायपुर डीके अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से परिजनों ने छुट्टी कराकर महिला को धमतरी के श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## खबर संक्षेप

### गुजरा में संगीतमय शिव महापुराण 11 फरवरी से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत गुजरा में महाशिवरात्रि पर्व पर सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का



आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 11 से 17 फरवरी तक चलेगा। 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे कलश यात्रा, बेदी पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन सुबह पार्थिव शिव लिंग बनाकर पूजा की जाएगी। दोपहर 2 से 6 तक शिव महापुराण की कथा होगी। कथा वाचक वेदव्यास महाराज स्वामी नंदाचार्य महाराज कोंडागांव बस्तर होंगे। कार्यक्रम का आयोजन सियाराम सेवा समिति, ग्राम विकास समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। 15 फरवरी को सहस्त्र पार्थिव शिवलिंग बनाकर महाआरती व पूजा-अर्चना की जाएगी। 17 फरवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारा रखा गया है। तैयारी में अमरदीप साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती फागेश्वरी राजेश साहू जनपद सदस्य, श्रीमती दुर्गेश्वरी खिलेश सोनकले सरपंच, नंदलाल साहू ग्राम पटेल, रेखराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति गुजरा, व्दिजराम साहू संरक्षक, बालमुकुंद साहू, आश्वाराम साहू, गंगाराम साहू, विशालराम साहू, गौकरण साहू, कुंजीलाल साहू पूर्व उपसरपंच, सुनील तिवारी सचिव ग्राम विकास समिति गुजरा, राधेश्याम साहू सचिव, खोरबहरा साहू, राजेश निषाद जुटे हैं।

### दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में ग्राम लोहारडीह निवासी नेहरू यादव की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी माता शिखा यादव को दो लाख रुपये की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुनगासेर के मृतक मनीष बरिहा की माता नर्मदा बरिहा के लिए एवं आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोल्दा के मृतक सदानंद चक्रधारी की पत्नी गायत्री चक्रधारी के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### तीन दिवसीय श्रीश्याम फागुन महोत्सव 17 से

**पिथौरा (ग्रामीण)।** स्थानीय अग्रसेन भवन में श्री श्याम सेवा समिति पिथौरा, तेंदूकोना एवं भुरकोनी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्तिमय आयोजन पिथौरा नगर में 11वीं बार आयोजित किया जा रहा है।

### घर के सामने से स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने रखी स्कूटी चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर निवासी निर्मला निषाद ने 12 दिसंबर 2025 को अपने वाहन प्लेजर क्र. सीजी04एमजे8903 को घर के सामने रखा था। दूसरे दिन 13 दिसंबर को उसने देखा कि स्कूटी उक्त जगह पर नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब स्कूटी नहीं मिली तब महिला ने 09 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

---

सिर्री में संगीतमय मानसगान सम्मेलन का हुआ समापन

# धर्म के प्रति युवा वर्ग बने शिक्षित और संस्कारवान : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री






ग्राम सिर्री में बजरंग मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय संगीतमय मानस सम्मेलन एवं यज्ञ का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया गया। तीन दिन छग की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। मानस सम्मेलन के समापन दिवस की मुख्य अतिथि क तारिणी चंद्राकर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रही। विशिष्ट अतिथि नीलम चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत धमतरी, लिली श्रीवास जनपद सदस्य, देशांत सिन्हा सरपंच, सालिकराम साहू ग्राम पटेला, रोशन विश्वकर्मा अध्यक्ष बजरंग मानस मंडली, भूपेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि तारिणी ने कहा कि ग्राम सिर्री में बीते कई सालों से मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिलता रहा है। उन्होंने सिर्री को धार्मिक ग्राम का दर्जा देते हुए कहा कि यहां सभी प्रकार के धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। इससे गांव में हमेशा एक धार्मिक वातावरण बना रहता है। आगे कहा कि युवा वर्ग को अपने धर्म के प्रति जागरूक और शिक्षित होना जरूरी है। रामचरित मानस का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हम सभी को संगठित होकर साहस के साथ एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। तीन दिन के मानस सम्मेलन में भगवान श्रीराम की कथा केवल सुनने मात्र के लिए नहीं है बल्कि उसे समझते हुए जीवन में अमल करना आवश्यक है। विशिष्ट अथिति नीलम चंद्राकर ने कहा कि रामचरित मानस में सीखने के लिए अनेक बातें हैं जिसे अगर दैनिक जीवन में शामिल किया जाए तो जीवन सरल हो जाता है। भगवान श्रीराम का जीवन भी कठिनाइयों से भरा था। धैर्य रखते हुए साहस के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहे। उसी प्रकार मानव को भी संघर्ष करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। मंच का संचालन मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता और रोहित कुमार निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर शोभाराम पटेल अध्यक्ष पटेल समाज सिर्री, सुरेश सार्वा, सीतेश्वर सिन्हा, सरोज, कोषाध्यक्ष टापेश्वर देवांगन, सचिव कलीराम ध्रुव, संजीव कुमार साहू, विष्णु ध्रुव, नंदूराम ध्रुवंशी, डीहू तारक, रामनिवास साहू, आनंद पटेल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## सेमरा में कलशयात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**अंवरी।** ग्राम सेमरा ( भखारा) में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। ग्राम की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली। यात्रा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। कलश यात्रा के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी-देवताओं की स्थापना कर यज्ञ का प्रारंभ किया गया। यह चार दिवसीय धार्मिक आयोजन 13 फरवरी तक चलेगा। प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा संध्या समय पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथावाचन का दायित्व युग प्रवक्ता एवं कथावाचक परमानंद नवचेतना केंद्र फिंगेश्वर निभा रहे हैं। अंतिम दिवस नामकरण, मुण्डन, जनेऊ, विद्यारंभ सहित विभिन्न वैदिक संस्कार सामूहिक रूप से संपन्न कराए जाएंगे।

---

## आयुष ग्रुप ने लुंगी डांस पर दी मनमोहक प्रस्तुति

- गैलेक्सी स्कूल नारी में हुआ वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



गैलेक्सी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल नारी में वार्षिकोत्सव तथा पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई देकर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम की कामना की गई।

मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, विशिष्ट अतिथि खेमलता साहू अध्यक्ष नगर पंचायत करेली बड़ी, जगतपाल साहू पूर्व सरपंच नारी एवं रिखीराम साहू पालक सदस्य थे। कक्षा पीपी 1 से मुस्कान ग्रुप ने छोटा बच्चा जान के हमको न समझाना गीत पर एवं कक्षा पीपी 2 एंजल ग्रुप ने बम बम बोले एवं चक धूम धूम गीत में डांस कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा पहली से उगेश ग्रुप ने जिनको है बेटियां, कक्षा पहली से आयुष ग्रुप ने लुंगी डांस तीसरी से हमर सुंदर छत्तीसगढ़ गीत एवं कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने बारहमासी गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा 12वीं के छात्रोंको कक्षा 11 वीं के छात्रों द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 12वीं के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताये यादगार पल को साझा किया।

कार्यक्रम में संस्था के संचालक राजेन्द्र कुमार साहू, प्राचार्य डेमचंद साहू, शिक्षक-शिक्षिकाएं दिलीप कुमार साहू, अनिल कुमार साहू, घनश्याम साहू ,चैतन्य साहू पारसमणि व नानक राम साहू, महेश कुमार गढ़ेवाल, एसकुमार साहू, ताम्रजध्वज साहू, जावेंद्र कुमार यादव, केवरा साहू, शशिबाला साहू, हेमलता साहू, रेखा निषाद, मीनाक्षी साहू, खेमलता साहू, ममता साहू, रेणुका साहू, डेमपुष्पा साहू, नृत्य अमोली यादव एवं आया गीता निषाद उपस्थित थे।

---

## महापौर ने पीड़ित परिवार को दी 15 हजार की आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के स्टेशनपारा क्षेत्र में पूर्णिया नागरची के घर में हुई आगजनी की घटना से उसका सामान जलकर खाक हो गया। इस हादसे से प्रभावित पीड़ित परिवार को महापौर रामू रोहरा ने 15,000 रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की।

महापौर श्री रोहरा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम हर आपदा और कठिन समय में आमजन के साथ खड़ा है तथा पीड़ित परिवार को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत आगे भी हर संभव सहयोग दिलाया जाएगा। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में इस प्रकार की आगजनी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक सुरक्षा, सतर्कता एवं एहतियाती उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

---

## धुरी समाज ने विवाह में निभाई "बड़ा खेलने" की परंपरा

- बड़ा को कढ़ाही में खौलते तेल से निकालकर लोगों की पीठ या सिर पर रखा जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले विभिन्न समाजों की अपनी-अपनी परंपराएं और रीति-रिवाज़ हैं। इन्हीं में से एक अनूठी परंपरा धुरी (ध्रुवंशी) समाज में देखने को मिलती है, जिसे बड़ा खेलने की परंपरा कहा जाता है। यह परंपरा विवाह के अवसर पर आज भी पूरे उत्साह के साथ निभाई जाती है।

यह आयोजन शादी वाले घर में मायन के दिन किया जाता है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य, रिश्तेदार और समाज के लोग उपस्थित रहते हैं। इस दौरान उड़द दाल से बने बड़े को कढ़ाही में ख़ौलते तेल में तला जाता है और फिर उसे वहां उपस्थित लोगों द्वारा हाथ से निकालकर लोगों की पीठ या सिर पर रखा जाता है। इससे उस व्यक्ति को हल्की जलन तो होती है, लेकिन किसी प्रकार की गंभीर हानि नहीं होती।

समाज के चंद्रहास ध्रुवंशी एवं दुलेश ध्रुवंशी निवासी भैंसबोड़ ने अपनी पुत्री का विवाह किया जिसमें उन्होंने यह परम्परा की रस्म निभाई। उन्होंने इस परम्परा के बारे में बताया कि यह परंपरा हमारे समाज में पीढ़ियों से चली आ रही है। इसका उद्देश्य आपसी प्रेम, साहस और सहनशीलता को बढ़ावा देना है।

इस परंपरा की एक विशेष मान्यता यह भी है कि दूल्हा और दुल्हन (जिसकी शादी हो रही हो) इस परम्परा के आयोजन को नहीं देखते। मान्यता है कि यदि वे इसे देख लें, तो परंपरा का महत्व समाप्त हो जाता है।

आज के आधुनिक दौर में भी धुरी (ध्रुवंशी) समाज के लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए इस परंपरा का पालन कर रहे हैं। यह परंपरा समाज की एकता, परंपरा और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का माध्यम बनी हुई है।

---

## वार्ड 10 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 में आदिवासी सामुदायिक भवन के समीप विधायक निधि से बनने वाले नवीन सामुदायिक भवन का भूमिपूजन हुआ। यह सामुदायिक भवन 6,33,000 की लागत से विधायक निधि के माध्यम से निर्मित किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों हेतु सुविधा प्राप्त होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, पार्षद हेमलता साहू, जितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, सब इंजीनियर ज्योति साहू, ठेकेदार नम्मू लाल साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि यह सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 10 एवं आसपास के नागरिकों के लिए एक उपयोगी सौगात है। इससे सामाजिक कार्यक्रम, बैठकें एवं सांस्कृतिक आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो सकेंगे। पार्षद खेमलता साहू ने कहा कि विधायक निधि से क्षेत्र में इस सामुदायिक भवन का निर्माण होना, जनभावनाओं और विकासशील सोच का प्रतीक है। मौके पर सोहन नेताम, भीम नेताम, अर्जुन नेताम, रोशन नेताम, अश्वनी साहू, जितेंद्र साहू, हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, थानेंद्र सोन, सुभद्रा नेताम आदि उपस्थित थे।

---

## आंगनबाड़ी केंद्र खम्हरिया 01 में मना वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी




आंगनबाड़ी केंद्र खम्हरिया 01 में वजन त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच संत कुमार मरकाम द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात केंद्र में उपस्थित 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन कर उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की गई।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माहेश्वरी द्वारा माताओं को बच्चों की वृद्धि एवं विकास की जानकारी वृद्धि चार्ट के माध्यम से दी गई तथा सही पोषण और संतुलित आहार के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक द्रोण कंचन, सुमरित ध्रुव, उषा कश्यप, सुखिया साहू, उमादेवी साहू, सरिता, भोलेश्वरी, डागेश्वरी, ईश्वरी, मीनाक्षी, उमा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## 29 छात्रों ने दी रासेयो ए प्रमाण-पत्र परीक्षा

- एनएसएस से चरित्र निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है : प्राचार्य डीएल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना ए प्रमाणपत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 29 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्राचार्य डीएल साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू एवं बाहय परीक्षक संतोष कुमार जैन कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी के दिशा-निर्देश में परीक्षा आयोजित की गई। ग्राम में स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता, नव उल्लास साक्षरता, बागवानी में फूल, पौधों की रोपाई, छंटाई, निदाई एवं पानी सिंचाई, टीकाकरण, नशामुक्ति अभियान, पोषण पखवाड़ा, माय भारत, तिरंगा रैली एवं यातायात सुरक्षा में सहभागिता प्रदान की। प्राचार्य डीएल साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से चरित्र निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व निर्माण का कारखाना है। बाहय परीक्षक संतोष कुमार जैन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं। वरिष्ठ व्याख्याता बालकृष्ण साहू ने कहा कि युवाओं को नशामुक्त होकर समाज में नशामुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास करें। मौके पर चैतराम साहू, पुष्पेन्द्र गुरु, संतोष कुमार जगताप, रविन्द्र बंधे, नरेश कुमार, मानसिंह जांगड़े, हरिश्चंद्र नेताम एवं उत्तरा गंजीर उपस्थित थे। संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू ने किया।

---



मेघा के रामलीला मैदान में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

## भारत हिन्दू राष्ट्र है और रहेगा : कौशलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मेघा मंडल का विराट हिन्दू सम्मेलन ग्राम मेघा के रामलीला मैदान (शीतला प्रांगण) में हुआ। मातृशक्तियों द्वारा कलशयात्रा निकाली गई। मंचीय कार्यक्रम में बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्या, पन्ना धाय, महाराणा प्रताप की कहानी को मंच पर प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता कौशलेंद्र प्रताप (प्रांत सामाजिक सद्भाव प्रमुख) ने कहा कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है। भारत हिन्दू राष्ट्र है और रहेगा।

मुख्य अतिथि दीपक महाराज निरंजन संगम आश्रम कर्णेश्वर धाम नगरी ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन सनातन संस्कृति की रक्षा, हिंदुत्व स्वाभिमान की शक्ति और सामाजिक एकता का महापर्व है। यह एक सम्मेलन ही नहीं बल्कि हिन्दू जागरण (चेतना) का आव्हान है। जब तक सांस है तब तक धर्म की रक्षा, यही संकल्प लेकर चलते जाना है।

विशिष्ट अतिथि विद्या निर्मलकर जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ धोबी समाज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष के अवसर पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पंच परिवर्तन का संकल्प लिया है। जिसे हमें अपने घर से प्रारम्भ करना है तभी नवनिर्माण भारत राष्ट्र साकार होगा। इस दौरान मा भारती की भव्य महाआरती के साथ समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र साहू ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम पटेल, सहसंयोजक ताराचंद सोनी, धनेश्वर निर्मलकर, डुगेश साहू, अभिनव राव मेघावाले, राहुल जैन, डोमेन्द्र सिन्हा, शुभम शर्मा, अशोक साहू, शिवनन्दन पटेल, केमेश साहू, दुर्गेश सोनी, वेदप्रकाश निषाद, डोमेश्वर निषाद, मनीषा ध्रुव, यमुना केवल साहू, नीरामणि पटेल, कीर्तिलता साहू, सतरूपा पटेल, बिमला साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

---

**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

श्रीमति मंजु साहू व अन्य .....आवेदिकागण

**बनाम**

संतोष साहू व अन्य ....अनावेदकगण

दा. प्र. क्र. 115/25

पेशी दिनांक 10/03/2026

प्रो. क्र. 206/2026

संतोष साहू पिता शंकर साहू उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम-कुरा, थाना धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)

आपको इस समंस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण संतोषी साहू व अन्य ने आपके विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की धारा 166 के अंतर्गत क्षतिपुर्ति राशि हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 10/03/2026 को नियत है, आप निर्धारित पेशी दिनांक को स्वयं या प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश किये गये हो, जो सभी सारवान प्रश्नों का जवाब दे सकें।

आपको सूचित किया जाता है कि, प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/03/2026 को नियत है, अगर किसी कारणवश उस तिथि को अवकाश या कार्य स्थगित हो जाता है, तो ऐसी स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस पर की जावेगी, आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जावेगी। इस न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 07/02/2026 को जारी किया जावेगा।

**(राधेश्याम ध्रुव)**
**अति. मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण**
(मुहर) **कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

---

**प्ररूप "ख"**

**छत्तीसगढ़ सिनेमा (विनियमन) नियम, 1972 के नियम 4 के अधीन सूचना**

चूंकि श्री फार्म प्रयास अमल आत्मज रामानंद चौबे आयु 68 निवासी 16 अमलतास क्लासिक सेल्स टैक्स कालोनी खम्हारडीह रायपुर (छत्तीसगढ़) तहसील धमतरी जिला धमतरी में श्री फार्म प्रयास अमल पिता रामानंद चौबे की भूमि पर जो खसरा 165/41 क्रमांक रकबा 0.5360 हेक्टेयर वार्ड अंबेडकर वार्ड की है तथा नीचे दिए गए रूप में सीमाबद्ध है पर स्थायी सिनेमा लगाने के संबंध में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने के लिए मुझे आवेदन किया है।

उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर आपत्ति लिखित में मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

**कलेक्टर**
**एवं जिला दण्डाधिकारी**
**धमतरी**

## अंचल की खबरें

### मानस मंडलियों ने बताई भगवान राम की महिमा



**धमतरी।** ग्राम बंजारी में दो दिवसीय मानसगान एवं व्याख्यान सम्मेलन हुआ। इसमें 14 मानस मंडलियों ने भाग लिया। मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र के आदर्श और सिद्धांतों का वर्णन किया। मौके पर माधवेंद्र साहू उपसरपंच कलारतराई, डॉ गजेंद्र साहू, आनंदराम साहू, चंद्रप्रकाश साहू, पूनाराम सिंह, उमेंद्र साहू, कल्याण यादव, मनीष साहू, उमेश साहू, सुखदेव ध्रुव, पुराणिक राम सिंह, रविंद्र सिंह, राघवेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### भारतमाता विद्यालय में वार्षिकोत्सव मना




**सिर्री।** भारतमाता विद्यालय बकली में इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि रपंच दीपक साहू थे। अन्य अतिथि जागेश्वर, हरेराम साहू, अग्रसेन, कामता ध्रुव, राधेश्याम साहू, राधेलाल साहू थे। विद्यालय के नन्हे-नन्हे बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य केके पटेल एवं स्टाफ लता पटेल, खिलेश्वरी, रेशमा, हेमलता साहू, श्री कौशिक व पालकगण खिलेश्वरी, परमेश्वरी, भारती, डाली, धनेश्वरी उपस्थित थे।

### ट्रेनिंग से गांव लौटे जवान का हुआ स्वागत




**धमतरी।** ग्राम सिवनी खुर्द के टिकेश्वर पिता नेमन साहू का अग्निवीर में चयन हुआ है। पैरास्पेशल फोर्स की ट्रेनिंग पूर्ण कर गृहग्राम वापसी पर ग्रामवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सामाजिक सद्भाव सम्मेलन 11 को



**नगरी।** सामाजिक सद्भाव सम्मेलन का आयोजन 11 फरवरी बुधवार को सांस्कृतिक भवन नगर पंचायत नगरी हाईस्कूल मैदान के पास किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र नेताम ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती आपसी एकता और भाईचारे से ही संभव है। सभी वर्ग की सहभागिता से ही एक समरस, सशक्त और सौहार्द्रपूर्ण समाज का निर्माण किया जा सकता है। सम्मेलन में सामाजिक एकता, आपसी सहयोग, भाईचारे और समरस समाज के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### अंवरी स्कूल में 12 वीं के छात्रों को दी गई विदाई





**अंवरी।** शाउमा विद्यालय अंवरी में विदाई कार्यक्रम हुआ। शाला परिवार एवं कक्षा 11 वीं के बच्चों द्वारा कक्षा 12 वीं के बच्चों को विदाई दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन हुआ। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य नरेंद्र मेश्राम, पीएन साहू, आईआर साहू, लेखराम साहू, कुलजंन ठाकुर, चिंताराम मरकाम, बालाराम ध्रुव, सुरेन्द्र निर्मलकर, रंजीत जागड़े, बिसाहू साहू समेत स्कूली बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सेमरा डी में वजन त्योहार मनाया गया



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत सेमरा डी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में वजन त्योहार मनाया गया। बच्चों में कुपोषण दर के आकलन और सुपोषण को बढ़ावा देने के लिए वजन त्योहार का आयोजन किया गया। इस दौरान 0 से 6 साल तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापी गई, कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके पोषण स्तर में सुधार के लिए उपाय बताए गए। इस अवसर पर फतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, सरपंच सुनीता कमलनारायण ध्रुव, रानी राजपूत, लक्ष्मी साहू, हेमबती साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कीर्ति साहू, भानुप्रताप साहू, अनीता निर्मलकर उपस्थित थे।

### समाज के विकास के लिए युवा नशे से दूर रहें : गणेश

# तहसील साहू समाज मगरलोड के पदाधिकारियों ने ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

तहसील साहू संघ मगरलोड का कर्मा भवन मगरलोड में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ धमतरी अध्यक्ष गणेश राम साहू थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने की। अति विशिष्ट अतिथि जिला साहू संघ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू, निर्मला साहू, जिला साहू संगठन सचिव सुभाष साहू, जिला पंचायत सभापति मीना साहू थे। जिला साहू संघ के अध्यक्ष गणेश साहू ने नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ मगरलोड अध्यक्ष रोहित साहू, उपाध्यक्ष छन्नूराम साहू, महिला उपाध्यक्ष भानुप्रिया साहू, संगठन सचिव जितेंद्र साहू, महिला संगठन सचिव भामिनी साहू को शपथ दिलाई। अध्यक्ष रोहित साहू ने तहसील साहू संघ की कार्यकारिणी घोषित की। मुख्य अतिथि गणेश राम साहू ने कहा कि समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी है। युवाओं को नशापन से दूर रहना है। संस्कार की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामों में समर कैंप के माध्यम से सामाजिक समरसता का प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि समाज में हर बच्चे को शिक्षा और हर युवा को दिशा की जरूरत है। आज समाज के बच्चे केवल दिशाहीन के कारण भटक रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ने कहा कि साहू समाज संगठित समाज है। उन्होंने कर्मा माता मंदिर भवन की भव्यता के लिए धन संग्रहण कर सहयोग देने के सुझाव दिए। जिला संगठन सचिव सुभाष साहू एवं जिला महासचिव विजय साहू ने सामाजिक उत्थान पर जोर दिया।

नवनियुक्त तहसील साहू संघ अध्यक्ष रोहित साहू ने कहा कि आज शपथ ग्रहण का दिन नहीं है बल्कि समाज निर्माण संकल्प का दिन है। मंच संचालन कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रमुख आत्माराम साहू तथा आभार व्यक्त साहू संघ मगरलोड परिक्षेत्र अध्यक्ष सुरेश साहू ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश साहू, जनपद सभापति तिलोत्मा साहू नंदनी साहू, सदस्य दुर्गेश्वरी साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, महेंद्र साहू, डिगेश्वरी साहू, राजाराम साहू, रामगोपाल साहू, लोकेश साहू सहित सामाजिकगण उपस्थित हुए।

## परिक्षेत्र साहू समाज नगरी की कार्यकारिणी बैठक में वार्षिकोत्सव की रूपरेखा बनी



- जिला उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी का तिलक लगाकर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

परिक्षेत्र साहू समाज नगरी की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को नगर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के आगामी वार्षिक उत्सव की रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला साहू संघ उपाध्यक्ष रामगोपाल साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप साहू का परिक्षेत्र साहू समाज के सदस्यों ने तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

बैठक में परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष बीनाराम साहू, चेलेश्वरी साहू, सचिव शेषनारायण साहू, कोषाध्यक्ष देवराम साहू, तामेश्वरी साहू, रामरतन साहू, नोहर सिंह साहू, नगर अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, खेमेन्द्र साहू, उदयपुर, गोवर्धन साहू, नंदकिशोर साहू, हेमराज साहू, नगर सचिव ज्वालाप्रसाद साहू, वरुण किरण साहू, अनिरुद्ध साहू, सुरेश साहू, कुंती साहू, तुलसीराम साहू, गणेशराम साहू, विनय साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष रामगोपाल साहू ने कहा कि हम अपने कर्तव्य का निर्वहन अच्छे से करेंगे।

तहसील अध्यक्ष कंवलराम साहू, संरक्षक पुनीतराम साहू, उपाध्यक्ष योगेन्द्र साहू एवं भुनेश्वरी साहू, सचिव पदुमलाल साहू, पेमंत साहू, लव कुमार साहू, अंकेक्षक हृदय साहू, अनराज साहू, लेखराज साहू, भुनेश्वर साहू, संचालक मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध साहू, सचिव भारतलाल साहू, लोमस प्रसाद साहू, जन्मेजय साहू, भाजपा जिला प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, श्रीमती पिंकी शाह, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, रविशंकर दुबे, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, अशोक संचेती, अभिनव, प्रदीप साहू ने हर्ष जताया है।

## जल जीवन मिशन के कार्यों का भुगतान चार साल से लंबित



- मजदूर सहित सप्लायरों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत केरेगांव में चार साल पहले जल जीवन मिशन के तहत किए गए विभिन्न कार्यों का अब तक भुगतान नहीं होने का मामला सामने आया है। मजदूर, सप्लायर तथा दुकानदारों ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर 7.46 लाख रूपये का भुगतान कराने की मांग की है।

नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत केरेगांव के सरपंच अकबर मंडावी के नेतृत्व में मंगलवार को दर्जन भर महिला, पुरूष कलेक्ट्रेट पहुंचे। सरपंच ने बताया कि मई 2022 से जल जीवन मिशन के तहत स्कूल तथा आंगनबाड़ी में रनिंग वाटर के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसके तहत रायपारा आंगनबाड़ी में 1.16 लाख, जामपानी आंगनबाड़ी में 1.16 लाख, कुरमाझर आंगनबाड़ी में 1.16 लाख, नाथूकोन्हा आंगनबाड़ी में 1.16 लाख, केरेगांव आंगनबाड़ी में 1.16 लाख तथा केरेगांव माध्यमिक शाला में 50 हजार रूपये का काम जून 2022 में पूर्ण कर लिया गया है। कुल 7.46 लाख रूपये के कार्यों का विभाग ने मूल्यांकन भी किया है। भुगतान के संबंध में विभाग से संपर्क करने पर जल्द भुगतान का आश्वासन दिया जाता है लेकिन करीब 4 साल के बाद भी अब तक 7.46 लाख रूपये लंबित हैं। इसके कारण इस काम में लगे मजदूर, सामान सेलर दुकानदार एवं सप्लायर का भुगतान नहीं हो पाया है। मजदूर सहित सप्लायरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राशि की शीघ्र भुगतान कराने की मांग को लेकर सरपंच के साथ मजदूर जागेश्वरी, केशर बाई, हिरौंदी बाई, मन्नूराम, गौतम, हेमिन बाई, ईश्वरी, संतोषी बाई, संतोष, केशर बाई ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा।

## गले में फंसी चिकन की हड्डी को चिकित्सकों ने एंडोस्कोपी से निकाली

**बिजनेस साइट**

- श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी में हुआ सफल उपचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कांकेर जिला निवासी 61 वर्षीय श्यामलाल उइके पिछले लगभग 10 दिनों से गले में चिकन की हड्डी फंसने की समस्या से गंभीर रूप से परेशान थे। हड्डी फंसने के कारण वे ठीक से खाना-पीना भी नहीं कर पा रहे थे। प्रारंभ में उन्होंने कांकेर मेडिकल कॉलेज में एक्स-रे कराया, लेकिन जांच में कुछ स्पष्ट नहीं दिखने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया गया। समस्या बनी रहने पर वे अन्य अस्पताल भी गए, परंतु राहत नहीं मिल सकी।

आखिरकार मरीज धमतरी स्थित श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉ. नवीन साहू ने एंडोस्कोपी प्रक्रिया अपनाते हुए मात्र 10 मिनट में गले में फंसी हड्डी को सफलतापूर्वक निकाल दिया। प्रक्रिया के बाद मरीज ने तुरंत राहत महसूस की। उपचार उपरांत उन्होंने भरपेट भोजन किया और स्वस्थ अवस्था में घर लौट गए। समय पर सही जांच और एंडोस्कोपी जैसी आधुनिक चिकित्सा सुविधा ने एक बड़ी परेशानी का त्वरित समाधान कर दिया।

## खरेंगा में बनेगा कुंभकार समाज का भवन



**धमतरी।** ग्राम पंचायत खरेंगा में कुंभकार समाज भवन के निर्माण हेतु 8 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से समाज के लोगों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। यह राशि विधायक ओंकार साहू द्वारा विधायक निधि से स्वीकृत की गई है।

कुंभकार समाज भवन निर्माण की स्वीकृति में खरेंगा सरपंच श्रीमती नीलम टीआर साहू के निरंतर प्रयास की अहम भूमिका रही। टीआर साहू एवं सेक्टर अध्यक्ष प्रकाश साहू के सहयोग से प्रस्ताव को आगे बढ़ाने में सफलता मिली। समाज भवन के निर्माण से सामाजिक बैठकें, कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के आयोजन के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर खरेंगा कुंभकार समाज के अध्यक्ष सोहन चक्रधारी, सचिव सोमन, चंदन चक्रधारी, कोषाध्यक्ष राजू चक्रधारी, पोखराज, तुलसीराम, नेहरू, प्रेम नारायण, चमनलाल, नवल चक्रधारी, श्रीमती बिंदा बाई, श्रीमती गीता बाई ने विधायक एवं सरपंच का आभार व्यक्त किया है। समाजजनों का कहना है कि यह भवन भविष्य में समाज की एकता, पहचान और प्रगति का केंद्र बनेगा।

## आदिवासी जल, जंगल व जमीन के संरक्षक : कविता






हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज मुड़ा दरगहन परिक्षेत्र रींवागहन का वार्षिक अधिवेशन ग्राम मोखा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर थीं। अध्यक्षता श्रीमती देवबती कोर्राम सरपंच रींवागहन ने की। समाजजनों ने कलशयात्रा निकाली। सभा को सम्बोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि आदिवासी समाज इस धरती पर बसने वाला सबसे पुराना समाज है जो अनादिकाल से चला आ रहा है। वह अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। वर्तमान समय में यह समाज उन्नति का नया आयाम स्थापित कर रहा है। आज हर क्षेत्र में समाज विकास कर रहा है। चाहे धर्म हो, राजनीति हो या प्रशासनिक व्यवस्था हो। श्रीमती बाबर ने आगे कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब शिक्षा को ग्रहण कर बुराई का त्याग करे। यह समाज अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता व ईमानदारी के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर सुशीला सोरी, संजय ध्रुव, भागवत ठाकुर, हुलार कोर्राम, जैनी बाई ध्रुव, मन्नू राम ध्रुव, लीलाराम नेताम समेत परिक्षेत्र के 8 गांव से आए समाजजन उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने सीखे मैनेजमेंट के गुर



- नई दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में तारिणी हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान अंतर्गत इंदिरा भवन नई दिल्ली में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर शामिल हुईं। शिविर का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत, सक्रिय और जनोन्मुखी बनाना रहा। इस दौरान संगठन की संरचना, कार्यप्रणाली, जनसंपर्क, बूथ मैनेजमेंट, कार्यकर्ताओं की भूमिका और जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने जिला अध्यक्षों को संगठन विस्तार, अनुशासन, समन्वय और चुनावी रणनीति से जुड़े महत्वपूर्ण गुर सिखाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस के लिए एक नई ऊर्जा और दिशा देने वाला अभियान है। बूथ स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, कांग्रेस उतनी ही मजबूती के साथ जनता की लड़ाई लड़ सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से मिले मार्गदर्शन को जिले में लागू कर संगठन को और अधिक सक्रिय व सशक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में देशभर से आए जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और संगठनात्मक चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।

## युवा कांग्रेस कुरुद विधानसभा का हुआ विस्तार

- 47 युवा महासचिव व 62 सचिव बनाये गये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छग प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित पठानिया, सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवव्रत साहू ने विधानसभा युवा कांग्रेस संगठन की मजबूती प्रदान करने के लिए विधानसभा युवा कांग्रेस संगठन की कार्यकारिणी विस्तार कर सैकड़ों युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।



नई कार्यकारिणी में विधानसभा उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू सेलदीप सरपंच और गुरुदेव महिपाल चरमुड़िया को बनाया गया है और विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी सुरेश साहू कचना एवं कुरूद के तुकेश साहू को संगठन के प्रभारी महासचिव (संगठन-प्रशासनिक) महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की सौंपी गई है। नई टीम में विधानसभा के 47 युवाओं को महासचिव और 62 युवाओं को विधानसभा सचिव बनाया गया है। युकाध्यक्ष देवव्रत साहू ने नई कार्यकारिणी विस्तार करते हुए कहा कि हमें आशा है कि नवनियुक्त युवा कांग्रेस के ऊर्जावान सभी साथी इस नई भूमिका और जिम्मेदारी के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं सशक्त बनाकर विधानसभा क्षेत्र के किसान, मजदूर, महिलाओं, युवा वर्ग सहित प्रत्येक वर्ग ग़रीब जानता की आवाज बनकर उनकी लड़ाई लड़कर अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही ब्लाक युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी विस्तार सहित पंचायतों में भी युवा कांग्रेस की फौज तैयार करेंगे।

### विश्वकर्मा समिति ने दी सहयोग राशि

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी रमेश यादव का निधन 8 फरवरी रविवार को हो गया। जय विश्वकर्मा समिति द्वारा रमेश यादव के पुत्र भोलेश्वर यादव को श्रद्धांजलि राशि 3800 रूपए एवं 1 क्विंटल चावल प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष तुलाराम कंवर, उपाध्यक्ष कैलाश साहू, सचिव भगवान साहू, सहसचिव भगवान कंवर, जुगल साहू एवं टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा 12 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में धमतरी में बीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष नियमित व अमहाविद्यालयीन गृहविज्ञान के छात्र-छात्राओं की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 12 फरवरी को प्रातः 9 बजे से गृहविज्ञान विभाग में होगी। संबंधित छात्र-छात्राएं अपनी प्रायोगिक सामग्री के साथ अनिवार्य रूप से परीक्षा में शामिल होंगे। अनुपस्थित होने पर छात्र-छात्राओं की जिम्मेदारी होगी।

### तुमगांव में मड़ई मेला आज

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के हृदय स्थल बांग्लापारा नीम चौक में 11 फरवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष बलराम कांत साहू होंगे। अध्यक्षता अमर चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि महासमुंद नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू होंगे।

### पान दुकान से शराब बरामद, बुजुर्ग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर के एक पान दुकान से पुलिस ने शराब बरामद किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम सिंघनपुर स्थित एक पान ठेला के पास पहुंचकर, जहां एक संदेही व्यक्ति पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम गाडा राय बढई पिता परसु बढई (66 साल) ग्राम मोहका थाना बसना बताया। आरोपी के कब्जे से 04 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब कीमती 800 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** शहर के नयापारा में एक व्यक्ति के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 11 दलदली रोड नयापारा महासमुंद निवासी दिनेश मानिकपुरी के घर के सामने 09 फरवरी को उसका पड़ोसी बिसौहा यादव गाली गलौज कर रहा था, जिस पर प्रार्थी ने उसकी पत्नी तिजिया यादव से अपने पति को समझाने कहा। इस पर आरोपी बिसौहा यादव ने आकर गालियां देते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।


### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** सरायपाली में एक युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अजयदास मानिकपुरी ने बताया कि वह फास्ट फूड बेचने का काम करता है। 9 फरवरी को वह अपने काम से ग्राम हर्राटार की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग 3:30 बजे हर्राटार जाने वाले रास्ता में हनुमान मंदिर के पास उसके मोहल्ले का टीकम दास मानिकपुरी मिला, जो उसके फास्ट फूड ठेला में काम करता है ने कहा कि तुम बहुत पैसा कमाते हो और मुझे कम पैसा देते हो। ऐसे कहकर वह गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा।

गुरु, शुक्र और चंद्रमा की अनुकूल स्थिति के कारण विवाह अत्यंत फलदायी रहेगा

# इस साल खूब बजेंगी शहनाइयां शादी के रिकॉर्ड 68 शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नया साल 2026 विवाह के बंधन में बंधने वाले जोड़ों के लिए बेहद खास साबित होने जा रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार वर्ष 2026 में विवाह के लिए भरपूर शुभ मुहूर्त हैं। पंडितों का मानना है कि इस साल ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति विवाह योग को मजबूत बना रही है, जिससे शादी-विवाह के आयोजन पूरे वर्ष रफ्तार पकड़ेंगे।

ज्योतिष पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि 2026 में कुल 68 शुभ विवाह मुहूर्त बन रहे हैं। उनके अनुसार गुरु, शुक्र और चंद्रमा की अनुकूल स्थिति के कारण यह वर्ष विवाह के लिए अत्यंत फलदायी रहेगा। वहीं वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पंडित सूरजप्रसाद तिवारी का कहना है कि इस वर्ष विवाह करने से दांपत्य जीवन में स्थिरता, सुख और समृद्धि बढ़ेगी।

महीनेवार देखें तो जनवरी 2026 में 6 शुभ मुहूर्त रहेंगे, जिससे साल की शुरुआत ही शादियों के साथ होगी। फरवरी में 5 शुभ तिथियां मिलेंगी। मार्च और अप्रैल में क्रमशः 7-7 मुहूर्त बन रहे हैं, जो विवाह के लिए बेहद उत्तम माने गए हैं। मई 2026 सबसे व्यस्त महीना रहेगा, जहां 11 शुभ मुहूर्त उपलब्ध होंगे।

जून में 6 शुभ मुहूर्त रहेंगे। इसके बाद चातुर्मास के कारण जुलाई से अक्टूबर तक विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। नवंबर 2026 में शादियों की दोबारा जोरदार वापसी होगी,। इस महीने 14 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। दिसंबर में साल का समापन 12 शुभ मुहूर्तों के साथ होगा, जिससे वे लोग भी विवाह कर सकेंगे जो साल के अंत को प्राथमिकता देते हैं।

पंडित राजकुमार तिवारी का कहना है कि 2026 में विवाह करने वाले जातकों को कुंडली मिलान के साथ-साथ मुहूर्त शुद्धि पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि दांपत्य जीवन सुखमय रहे। वहीं पंडित सूरज प्रसाद तिवारी ने बताया कि यह वर्ष सामूहिक विवाह, लग्नोत्सव और भव्य आयोजनों के लिए भी बेहद अनुकूल रहेगा। कुल मिलाकर 2026 विवाह के इच्छुक लोगों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आ रहा है। शुभ मुहूर्तों की अधिकता के चलते शादी-ब्याह से जुड़े कारोबार में भी तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## बूढ़ेश्वर मंदिर में हुआ महारूद्राक्ष जाप

- पं. झम्मन शास्त्री के नेतृत्व में नौ विद्वान पंडितों ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर शहर के प्रमुख शिवालयों में धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हो गई है। नगर के प्राचीन आस्था केंद्र श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को नौ विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महारूद्राक्ष जाप का आयोजन किया गया। इस विशेष अनुष्ठान का नेतृत्व पं. झम्मन शास्त्री ने किया। मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर शिवमय वातावरण में डूब गया।

बोलबम कांवड़िया संघ एवं श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आचार्यगणों द्वारा विधि-विधान से भगवान शिव की आराधना की गई। पंडितों ने बताया कि महारूद्राक्ष जाप से वातावरण शुद्ध होता है और भक्तों के जीवन में सुख-शांति व समृद्धि का संचार होता है। महाशिवरात्रि पूर्व ऐसे अनुष्ठानों को विशेष पुण्यदायी माना गया है।

महाशिवरात्रि को लेकर शहर के सभी शिवालयों में प्रतिदिन रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन, विशेष पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में 11 फरवरी को बाबा की हल्दी, 12 को मेहंदी, 13 फरवरी को संगीत संध्या, 14 फरवरी को अखंड जलाभिषेक एवं बारात निकाली जाएगी। 15 फरवरी को बाबा का श्रृंगार एवं अखंड जलाभिषेक किया जाएगा।

इसी क्रम में श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में 10 फरवरी से सगाई महोत्सव के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। हल्दी, मेहंदी, संगीत कार्यक्रम और महाशिवरात्रि विवाह महोत्सव का आयोजन हुआ। वहीं ओनाकोना स्थित प्रसिद्ध त्र्यम्बकेश्वर महादेव मंदिर में 12 से 16 फरवरी तक पंचदिवसीय विशेष अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिसमें प्राण प्रतिष्ठा, महाभिषेक एवं महायज्ञ शामिल हैं।

मकेश्वर वार्ड सिहावा चौक स्थित अर्द्धनागेश्वर मंदिर परिसर में 10 फरवरी से छत्तीसगढ़ स्तरीय ती दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेशभर की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां भाग ले रही हैं। महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत 15 फरवरी को श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में रात्रि 8 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका प्रियांशी तिवारी एवं ओके सिन्हा अपने शिव भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे।

## जिसने भी मर्यादा का उल्लंघन किया, उसका पतन हुआ : गौरव साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





ग्राम पीपरछेड़ी (देमार) में आयोजित सत्संग समारोह को संबोधित करते हुए सद्गुरु कबीर आश्रम किशनगढ़ (राजस्थान) से पहुंचे प्रमुख वक्ता संत गौरव साहेब ने श्रोताओं से कहा कि सभी को अपनी अपनी मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। पाश्चात्य देशों का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। जो भी व्यक्ति ने मर्यादा का उल्लंघन किया उसका पतन हुआ।

सामाजिक नियम, मर्यादाओं का सम्मान एवं पालन करें तभी अराजकता एवं पतन से बच पाएंगे। आज समाज में शिक्षा की कमी नहीं है, अगर कमी है तो संस्कारों की। भौतिकता की चकाचौंध में अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। सद्गुरु कबीर भ्रम, पाखंड से दूर समाज की स्थापना करना चाहते थे। उनकी दृष्टि में मानव एक जाति एवं मानवता एक धर्म है।

मंच पर संत रमेश साहेब डोमा, पंचम साहेब गोरखपुर, अविनाश साहेब चरोटा, योगेश साहेब एवं राजस्थान से आए संतजन विराजमान थे। मौके पर कंवल दास, होमन दास, रमेश दास, क्षमाकांत, उग्रसेन, नीलकंठ अग्रवाल, भगवान दास साहू, फलेन्द्र महार, पोषण महार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सत्संग का लाभ लिया। संतों की पूजा व आरती की गई।

## रोमी सावलानी राष्ट्रीय सिंधी मंच के उपाध्यक्ष नियुक्त, समाज में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



राष्ट्रीय सिंधी मंच (आरएसएम) रायपुर द्वारा रोमी सावलानी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर संगठन सहित पूरे सिंधी समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। उनकी नियुक्ति को संगठन की मजबूती और राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

रोमी सावलानी लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके अनुभव, कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सिंधी मंच के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में मंच समाजहित के कार्यों में और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सिंधी मंच की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सपना आर कुकेरजा (रामपुर), राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष गंगाराम एस. आभेसर (ठाणे) एवं राष्ट्रीय महासचिव अमित एम. केबलानी (अकोला) सहित संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रोमी सावलानी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। वहीं, रोमी सावलानी की नियुक्ति पर पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे सिंधी समाज के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में समाजसेवा, संगठनात्मक मजबूती और जनहित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर संगठन से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतकों ने उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे राष्ट्रीय सिंधी मंच को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## इटली से पहुंचे श्रद्धालुओं ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**मगरलोड।** राजिम कुम्भ (कल्प) मेला में देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुलभ, सतत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेला अवधि के दौरान इटली से 10 दिवसीय प्रवास पर आए दार्शनिक समूह सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मेला परिसर में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने वालों में गजेन्द्र सिंह राठौड़ (गाइड) तथा इटली से पहुंचे मुरैना, जुलियाना, रोजा, पैपो, फैलियो एवं पैपे शामिल रहे। मेला परिसर में पदस्थ चिकित्सक डॉ. अनीता पैकरा एवं उनकी टीम द्वारा श्रद्धालुओं की बीपी एवं शुगर की जांच की गई तथा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं जानकारी प्रदान की गई। मेला अवधि के दौरान प्रतिदिन लगभग 150 से 200 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा रहा है। साथ ही मेला स्थल पर छह बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल स्थापित किया गया है। यह कार्य कलेक्टर के मार्गदर्शन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यू.एल. कौशिक के निर्देशन में मेला नोडल अधिकारी सह खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. ठाकुर एवं मुकेश कुमार साहू की देखरेख तथा मेला प्रभारी केके देवांगन व लेखराम साहू के सहयोग से हो रहा है।

## रामचरितमानस के आदर्शों को जीवन में उतारें : पं. राजेश



- मातृशक्तियां ही समाज में ला सकती हैं धार्मिक जागृति : हिमानी
- मकेश्वर वार्ड ऑडिटोरियम में रामचरितमानस प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मकेश्वर वार्ड स्थित ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सरस्वती रामचरितमानस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित आदर्श आज भी समाज की समस्याओं के सरल समाधान प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों से सामाजिक विकृतियों का त्याग कर रामचरितमानस के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

वेदपाठी शास्त्रीय पं. करण महाराज ने पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करते हैं। विशेष अतिथि पार्षद हिमानी भागवत साहू ने कहा कि मातृशक्ति ही समाज में धार्मिक जागृति लाकर संस्कारवान पीढ़ी निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पार्षद पिंटू यादव, कुलेश सोनी एवं आशा नंदू लोधी ने भी सभा को संबोधित किया। प्रथम प्रस्तुति नमन मानस मंडली नयापारा तथा द्वितीय प्रस्तुति कर्मा माता मानस परिवार फरसियां नगरी की हुई। कार्यक्रम का संचालन एनआर यादव शिक्षक, डॉ. जेएल देवांगन तथा आभार प्रदर्शन आयोजन संरक्षक प्रकाश सिन्हा ने किया।

## महापौर ने एएचपी कार्य शीघ्र शुरू कराने दिए आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महिमा सागर वार्ड में एएचपी (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) योजना अंतर्गत वर्षों से अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को लेकर वार्डवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त था। जनता की नाराजगी को देखते हुए महापौर रामू रोहरा स्वयं मैदान में उतरे और स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही, टालमटोल और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्डवासियों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए महापौर ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि एएचपी परियोजना से जुड़े अधूरे निर्माण कार्यों को तत्काल प्रभाव से पुनः प्रारंभ किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि गरीब और पात्र हितग्राहियों के हक के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। महापौर ने कहा कि एएचपी योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सपनों का घर है। इस योजना में हुई देरी के लिए जिम्मेदार तत्वों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यदि समय पर कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो संबंधित एजेंसियों और अधिकारियों पर कड़ी जिम्मेदारी तय की जाएगी। वार्डवासियों ने बताया कि अधूरे निर्माण कार्यों के चलते सड़क, पानी, बिजली एवं नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण लोगों में असंतोष और आक्रोश का माहौल बना हुआ था।

### संकुल स्तरीय विज्ञान एवं गणित मॉडल की लगी प्रदर्शनी

**कुरूद।** संकुल स्तरीय विज्ञान एवं गणित मॉडल की प्रदर्शनी संकुल अन्तर्गत शाउमावि मंदरौद में आयोजित हुई जिसमें मंदरौद, सेलदीप, कमरौंद के खोजी व जिज्ञासु बच्चों ने विज्ञान गणित, पर्यावरण, विषय पर आधारित, वायु प्रदूषण, त्रिकोणमिति, डीएनए, वर्षा सूचक यंत्र, जाल चक्र, गणित के सूत्र, चन्द्रयान ग्रीन हाऊस, आदि बहुत से नए-नए मॉडल का प्रदर्शन किया गया। यह आयोजन संकुल प्रभारी प्राचार्य एवं केंद्र मंदरौद के तत्वाधान एवं संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य के निर्देशन प्राचार्य प्रभारी हृदय भूषण कहार में हुआ।

## छात्राओं ने बनाया पुराने कपड़ों से बुक मार्क

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री रोली जांगड़े के निर्देशन में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर छात्राओं द्वारा पुराने कपड़ों से बुक मार्क बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया के मार्गदर्शन में हुआ। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने पुराने व अनुपयोगी कपड़ों का उपयोग कर सुंदर, कलात्मक एवं उपयोगी बुकमार्क तैयार किए। डॉ. अनीता राजपुरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं को सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं रचनात्मक सोच से जोड़ती हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए छात्राओं को नवाचार के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक दानेश्वर साहू सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं श्रीमती दामिनी ठाकुर सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र थे। बुकमार्क की डिजाइन, नवाचार, उपयोगिता एवं पर्यावरण अनुकूलता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। प्रथम देविका, द्वितीय बबीता गेड़ाम तथा तृतीय प्रेरणा नाग रही। अन्य 45 प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु जिलों के विभिन्न शहरों में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
83700 49468
90983 24969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर